जागरण

# नामी कंपनी के नकली हेल्थ प्रोटीन बेचने वाले तीन धरे, 14 डिब्बे बरामद

Publish Date:Fri, 10 Jan 2020 12:12 AM (IST)



*सीआइए स्टाफ टू ने गुप्त एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है।*

जासं, बठिडा : सीआइए स्टाफ टू ने गुप्त एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जोकि नामी कंपनी के नकली हेल्थ प्रोटीन तैयार कर उन्हें असली कहकर बेचते थे। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को नकली प्रोटीन के साथ गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। पूछताछ में आरोपितों ने माना कि वह दिल्ली से उक्त प्रोटीन लेकर आते थे और आगे जिम व बॉडी बिल्डिंग करने वाले युवाओं को बेचते थे। बठिडा में वह पहली बार प्रोटीन बेचने के लिए आए थे, जबकि मानसा जिले में वह काफी प्रोटीन बेच चुके हैं।

मामले के जांच अधिकारी एसआइ अवतार सिंह ने बताया कि आरोपितों को अदालत में पेश कर उनका चार दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपित हेल्थ प्रोटीन की नामी कंपनी के नकली प्रोडेक्ट बनाकर तीन हजार से चार हजार रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचते थे।

एसआइ अवतार सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि बठिडा व मानसा जिले में एक ऐसा गिरोह सक्रिय है। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने गत बुधवार को स्थानीय जस्सी पौ वाली चौक में नाकाबंदी कर शक के आधार पर एक कार को रोककर चेकिग की, तो उसमें 14 डिब्बे नकली हेल्थ प्रोटीन के बरामद हुए। पुलिस ने मौके पर कार सवार कर्मजीत सिंह निवासी महावीर चौक सरदूलगढ़ जिला मानसा, रोबिन गर्ग निवासी वार्ड सरदूलगढ़ जिला मानसा व उमरपाल सिंह निवासी नजदीक सरकारी स्कूल परदास पत्ती गांव भिडर खुर्द जिला मोगा को गिरफ्तार कर किया है। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उक्त प्रोटीन वह दिल्ली निवासी सन्नी नामक एक व्यक्ति से लेकर आते थे और उन्हें आगे महंगे दामों में बेचते थे। उन्होंने बताया कि आरोपित आनवे कंपनी के डुप्लीकेट प्रोटीन तैयार कर पंजाब में ऐसे नौजवानों को बेच रहे थे जो जिम जाने या फिर पहलवानी व कुश्ती खेलते हैं।

**Source:** https://www.jagran.com/punjab/bhatinda-three-accused-arrested-for-selling-fake-health-protein-19922136.html